DeKalb County
School District

2019-20 हाई अचीवर्स मैगनेट प्रोग्राम

पात्रता और निरंतरता दिशा-निर्देश

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट माता-पिता को घर के साथ-साथ स्कूल की गतिविधियों में भी शामिल होकर उनके बच्चे के शिक्षण अनुभवों में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करता है।

- **एलिमेंटरी स्कूल प्रोग्राम पात्रता:** हाई अचीवर्स मैगनेट प्रोग्राम के लिए सभी आवेदकों का ग्रेड अंक औसत (GPA) मुख्य विषयों में 3.0 (या उच्चतर) होना चाहिए। DeKalb के विधार्थियों को उत्तीर्ण होकर 4 - 6 ग्रेड पर जाने के लिए स्कूल वर्ष 2018-2019 में किए गए बेसलाइन M.A.P. मूल्यांकन के आधार पर 75 प्रतिशत (या उच्चतर) कुल गणित स्कोर और 75 प्रतिशत (या उच्चतर) कुल रीडिंग स्कोर भी लाना होता है। उन सभी विधार्थियों को स्कूल वर्ष 2018-2019 में किए गए बेसलाइन M.A.P. मूल्यांकन के आधार पर 75 प्रतिशत (या उच्चतर) कुल गणित स्कोर और 75 प्रतिशत (या उच्चतर) कुल रीडिंग स्कोर लाना होता है, जो DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में नामांकित नहीं हैं।
- **एलिमेंटरी स्कूल प्रोग्राम निरंतरता दिशा-निर्देश:** हाई अचीवर्स के लिए मैगनेट प्रोग्राम में नामांकित प्राथमिक छात्रों को हर वर्ष पूरे प्रोग्राम के दौरान मुख्य विषयों में 3.0 (या उच्चतर) ग्रेड अंक औसत (GPA) लाना होता है। जो विद्यार्थी अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाते हैं उन्हें एक सेमेस्टर के लिए प्रोबेशन पर रखा जाता है। हर उस विधार्थी की सहायता की जाएगी जिनका GPA प्रोबेशनरी अवधि में अकादमिक प्रदर्शन मानदंड से कम है। माता-पिता का सभी सम्मेलनों में भाग लेना ज़रूरी है। जो विद्यार्थी लगातार दो ग्रेडिंग अवधि या दो सेमेस्टर के बाद 3.0 GPA नहीं ला पाते है, उन्हें मैगनेट प्रोग्राम को छोड़कर और अपने होम स्कूल में दाखिला लेना चाहिए। <u>अगर कोई विद्यार्थी स्कूल वर्ष के किसी भी कार्यकाल के दौरान प्रमोशन के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो विद्यार्थी को तुरंत मैगनेट प्रोग्राम से निकाल दिया जाएगा और वापस होम स्कूल भेज दिया जाएगा।</u>
- **मिडिल और हाई स्कूल प्रोग्राम के लिए पात्रता:** हाई अचीवर्स मैगनेट प्रोग्राम के लिए सभी आवेदकों का ग्रेड अंक औसत (GPA) मुख्य विषयों में फ़ॉल सेमेस्टर में 3.0 (या उच्चतर) होना चाहिए। DeKalb के विधार्थियों को उत्तीर्ण होकर 7 - 9 ग्रेड पर जाने के लिए स्कूल वर्ष 2018-2019 में किए गए बेसलाइन M.A.P. मूल्यांकन के आधार पर 75 प्रतिशत (या उच्चतर) कुल गणित स्कोर और 75 प्रतिशत (या उच्चतर) कुल रीडिंग स्कोर भी लाना होता है। उन सभी विधार्थियों को स्कूल वर्ष 2018-2019 में किए गए बेसलाइन M.A.P. मूल्यांकन

DeKalb County
School District

के आधार पर 75 प्रतिशत (या उच्चतर) कुल गणित स्कोर और 75 प्रतिशत (या उच्चतर) कुल रीडिंग स्कोर लाना होता है, जो DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में नामांकित नहीं हैं। हाई स्कूल हाई अचीवर्स मैगनेट प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को ग्रेड स्तर के लिए ज़रूरी पाठ्यक्रम को भी सफलतापूर्वक पूरा करना होगा।

- **मिडिल और हाई स्कूल प्रोग्राम के लिए निरंतरता दिशा-निर्देश:** हाई अचीवर्स के लिए मैगनेट प्रोग्राम में नामांकित मिडिल और हाई स्कूल के विद्यार्थियों को सभी मुख्य विषयों में कुल संख्यात्मक मुख्य औसत 80, संख्यात्मक न्यूनतम ग्रेड 71 बनाए रखना होगा और हर सेमेस्टर प्रमोशन मानदंडों को पूरा करना होगा। जो विद्यार्थी अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाते हैं उन्हें एक सेमेस्टर के लिए प्रोबेशन पर रखा जाता है। माता-पिता का सभी सम्मेलनों में भाग लेना ज़रूरी है। अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाने वाले सभी विधार्थियों को सहायता दी जाएगी। जो विद्यार्थी सभी मुख्य विषयों में कुल संख्यात्मक मुख्य औसत 80, संख्यात्मक ग्रेड 71 बनाए नहीं रख पाते हैं, और लगातार दो सेमेस्टर के लिए प्रत्येक सेमेस्टर में प्रमोशन मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें मैगनेट प्रोग्राम से बाहर जाना होगा और अपने होम स्कूल में दाखिला लेना होगा। अगर कोई विद्यार्थी स्कूल वर्ष के किसी भी कार्यकाल के दौरान प्रमोशन के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो विद्यार्थी को तुरंत मैगनेट प्रोग्राम से निकाल दिया जाएगा और वापस होम स्कूल भेज दिया जाएगा।
- **लॉटरी पात्रता भाई-बहन प्राथमिकता दिशा-निर्देश:** बेतरतीब विद्यार्थी चयन लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए केवल वे भाई-बहन लिंक किए जाते हैं, जिनका जन्म एक साथ नहीं हुआ हो।
- **टिप्पणी:** आवेदक द्वारा मैगनेट प्रोग्राम सीट प्लेसमेंट ऑफ़र को अस्वीकार किए जाने पर, विद्यार्थी अगले खुले नामांकन 2020 तक मैगनेट प्रोग्राम में प्लेसमेंट के लिए आवेदन नहीं कर सकेगा।

- **बेसलाइन M.A.P. स्कोर** स्कूल वर्ष 2018-2019 के लिए M.A.P. मूल्यांकन के पहले एडमिनिस्ट्रेशन से लिया जाता है।

DeKalb County
School District

2019-20 स्पेशल इंटरेस्ट मैगनेट प्रोग्राम

पात्रता और निरंतरता दिशा-निर्देश

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट माता-पिता को घर के साथ-साथ स्कूल की गतिविधियों में भी शामिल होकर उनके बच्चे के शिक्षण अनुभवों में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करता है।

- **एलिमेंटरी स्कूल प्रोग्राम पात्रता:** स्पेशल इंटरेस्ट मैगनेट प्रोग्राम (यानी, गणित, विज्ञान, प्रदर्शन कला, प्रौद्योगिकी, आदि) के लिए आवेदकों के पास मुख्य विषयों में फ़ॉल सेमेस्टर 3.0 (या उच्चतर) ग्रेड अंक औसत (GPA) होना चाहिए। प्री-किंडरगार्टन और किंडरगार्टन विद्यार्थी आवेदकों के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है।
- **एलिमेंटरी स्कूल प्रोग्राम निरंतरता दिशा-निर्देश:** स्पेशल इंटरेस्ट मैगनेट प्रोग्राम में नामांकित एलिमेंटरी विद्यार्थी को शैक्षणिक वर्ष के दौरान 3.0 (या उच्चतर) GPA लाना होगा। जो विद्यार्थी अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाते हैं उन्हें एक सेमेस्टर के लिए प्रोबेशन पर रखा जाता है। हर उस विधार्थी को सहायता दी जाएगी जिनका GPA प्रोबेशनरी अवधि में 3.0 से कम है। माता-पिता का सभी सम्मेलनों में भाग लेना ज़रूरी है। जिन विद्यार्थियों का GPA लगातार दो ग्रेडिंग अवधि या दो सेमेस्टर में 3.0 नहीं होता है, उन्हें मैगनेट प्रोग्राम को छोड़कर और अपने होम स्कूल में दाखिला लेना चाहिए। <u>अगर कोई विद्यार्थी स्कूल वर्ष के किसी भी कार्यकाल के दौरान प्रमोशन के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो विद्यार्थी को तुरंत मैगनेट प्रोग्राम से निकाल दिया जाएगा और वापस होम स्कूल भेज दिया जाएगा।</u>
- **मिडिल और हाई स्कूल प्रोग्राम के लिए पात्रता:** सभी आवेदकों का ग्रेड अंक औसत (GPA) मुख्य विषयों में फ़ॉल सेमेस्टर में 3.0 (या उच्चतर) होना चाहिए।
- **मिडिल और हाई स्कूल प्रोग्राम के लिए निरंतरता दिशा-निर्देश:** स्पेशल इंटरेस्ट मैगनेट प्रोग्राम में नामांकित मिडिल और हाई स्कूल के विद्यार्थियों को सभी मुख्य विषयों में कुल संख्यात्मक मुख्य औसत 80, संख्यात्मक न्यूनतम ग्रेड 71 बनाए रखना होगा और हर सेमेस्टर प्रमोशन मानदंडों को पूरा करना होगा। जो विद्यार्थी अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाते हैं उन्हें एक सेमेस्टर के लिए प्रोबेशन पर रखा जाता है। माता-पिता का सभी सम्मेलनों में भाग लेना ज़रूरी है। अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाने वाले सभी विधार्थियों को सहायता दी जाएगी। जो विद्यार्थी सभी मुख्य विषयों में कुल संख्यात्मक मुख्य औसत 80, संख्यात्मक ग्रेड 71 बनाए नहीं रख पाते हैं, और लगातार दो ग्रेडिंग अवधि या दो सेमेस्टर में

प्रमोशन मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें मैगनेट प्रोग्राम से बाहर जाना होगा और अपने होम स्कूल में दाखिला लेना होगा। <u>अगर कोई विद्यार्थी स्कूल वर्ष के किसी भी कार्यकाल के दौरान प्रमोशन के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो विद्यार्थी को तुरंत मैगनेट प्रोग्राम से निकाल दिया जाएगा और वापस होम स्कूल भेज दिया जाएगा।</u> टिप्पणी: मैगनेट प्रोग्राम में नामांकित विद्यार्थियों को मैगनेट क्रेडिट या मैगनेट प्रोग्राम डिप्लोमा सील अर्जित करने के लिए आवश्यक मैगनेट या अनुमोदित कॉलेज स्तर के पाठ्यक्रमों को पूरा करना होगा।

- **DeKalb स्कूल ऑफ़ द आर्ट्स प्रोग्राम निरंतरता दिशा-निर्देश (ग्रेड 8 - 12):** सभी नामांकित विद्यार्थियों को सभी मुख्य विषयों में कुल संख्यात्मक मुख्य औसत 80, संख्यात्मक ग्रेड 71 बनाए रखना होगा और हर सेमेस्टर के प्रमोशन मानदंडों को पूरा करना होगा। जो विद्यार्थी अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाते हैं उन्हें एक सेमेस्टर के लिए प्रोबेशन पर रखा जाता है। माता-पिता का सभी सम्मेलनों में भाग लेना ज़रूरी है। अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाने वाले सभी विधार्थियों को सहायता दी जाएगी। जो विद्यार्थी सभी विषयों में कुल संख्यात्मक औसत 80, संख्यात्मक न्यूनतम ग्रेड 71 बनाए नहीं रख पाते हैं, और लगातार दो ग्रेडिंग अवधि या दो सेमेस्टर में प्रमोशन मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें मैगनेट प्रोग्राम से बाहर जाना होगा और अपने होम स्कूल में दाखिला लेना होगा। विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक स्कूल वर्ष में दो प्रदर्शन क्रेडिट पूरा करना भी ज़रूरी है। <u>अगर कोई विद्यार्थी स्कूल वर्ष के किसी भी कार्यकाल के दौरान प्रमोशन के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो विद्यार्थी को तुरंत मैगनेट प्रोग्राम से निकाल दिया जाएगा और वापस होम स्कूल भेज दिया जाएगा।</u>
- **Arabia Mountain हाई स्कूल प्रोग्राम निरंतरता दिशा-निर्देश** - सभी नामांकित विद्यार्थियों को प्रतिदिन निर्धारित यूनिफॉर्म पहनना होगा, 20 घंटे की सामुदायिक सेवा पूरी करनी होगी, सभी विषयों में कुल संख्यात्मक औसत 80, संख्यात्मक ग्रेड 71 लाना होगा, और पूरे अकादमिक वर्ष में प्रमोशन मानदंडों को पूरा करना होगा। सिनियर विधार्थियों को भी अपने अध्ययन के प्रमुख प्रोग्राम के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) प्रोजेक्ट पूरा करना होगा। विधार्थियों को एक अकादमिक प्रतियोगिता में भाग लेना होगा और विद्यार्थी संगठनों और/या क्लबों में भाग लेना होगा। माता-पिता को हर स्कूल वर्ष में माता-पिता की भागीदारी सेवा के 10 घंटे पूरे करने होंगे। जो विद्यार्थी अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाते हैं उन्हें एक सेमेस्टर के लिए प्रोबेशन पर रखा जाता है। माता-पिता का सभी सम्मेलनों में भाग लेना ज़रूरी है। अकादमिक प्रदर्शन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाने वाले सभी विधार्थियों को सहायता दी जाएगी। जो विद्यार्थी सभी विषयों में कुल संख्यात्मक

DeKalb County
School District

औसत 80, संख्यात्मक न्यूनतम ग्रेड 71 बनाए नहीं रख पाते हैं, और लगातार दो ग्रेडिंग अवधि या दो सेमेस्टर में प्रमोशन मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें मैगनेट प्रोग्राम से बाहर जाना होगा और अपने होम स्कूल में दाखिला लेना होगा। विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक स्कूल वर्ष में दो प्रदर्शन क्रेडिट पूरा करना भी ज़रूरी है। अगर कोई विद्यार्थी स्कूल वर्ष के किसी भी कार्यकाल के दौरान प्रमोशन के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो विद्यार्थी को तुरंत मैगनेट प्रोग्राम से निकाल दिया जाएगा और वापस होम स्कूल भेज दिया जाएगा।

- **लॉटरी पात्रता भाई-बहन प्राथमिकता दिशा-निर्देश:** बेतरतीब विद्यार्थी चयन लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए केवल वे भाई-बहन लिंक किए जाते हैं, जिनका जन्म एक साथ नहीं हुआ हो। यह निम्नलिखित स्कूलों में सीट के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों पर लागू नहीं होता है
    - DeKalb एलिमेंटरी स्कूल ऑफ़ आर्ट्स ग्रेड 4-7 में
    - DeKalb स्कूल ऑफ़ आर्ट्स (ग्रेड 8-12)
    - Arabia Mountain हाई स्कूल - एकाधिक जन्म भाई-बहन प्राथमिकता के योग्य होने के लिए एकाधिक जन्म के भाई-बहनों को एक ही ग्रेड स्तर की सीट के लिए एक ही प्रोग्राम में आवेदन करना होगा। इसके अलावा, दोनों भाई-बहनों को प्राथमिकता पाने के लिए पात्रता मानदंड पूरा करना होगा।

टिप्पणी:

- आवेदक द्वारा मैगनेट प्रोग्राम सीट प्लेसमेंट ऑफ़र को अस्वीकार किए जाने पर, विद्यार्थी अगले खुले चयन/लॉटरी अवधि (स्प्रिंग 2020) तक मैगनेट प्रोग्राम में प्लेसमेंट के लिए आवेदन नहीं कर सकेगा।

- मैगनेट प्रोग्राम में नामांकित विद्यार्थियों को मैगनेट क्रेडिट या मैगनेट प्रोग्राम डिप्लोमा सील अर्जित करने के लिए आवश्यक मैगनेट या अनुमोदित कॉलेज स्तर के पाठ्यक्रमों को पूरा करना होगा।